छत्तीसगढ़ विधान सभा

फरवरी-मार्च, 2011 सत्र

दैनिक कार्य सूची

शुक्रवार, दिनांक 11 मार्च, 2011 (फाल्गुन 20,1932)

समय 11:00 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) श्री सौरभ सिंह, सदस्य, जांजगीर-चांपा जिले के बलौदा विकासखण्ड अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के मानदेय भुगतान में अनियमितता की ओर महिला एवं बाल विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री अमितेश शुक्ल, सदस्य, आदिम जाति कल्याण छात्रावास में अनाचार के दोषी चौकीदार के विरूद्ध कार्यवाही नहीं किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री विरेन्द्र कुमार साहू, सदस्य, गुण्डरदेही विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -

- (i) ग्राम चौरेल से मोहलाई मार्ग में नाले पर पुल निर्माण करने,
- (ii) ग्राम भरदाकला में पशु औषधालय खोलने,
- (iii) ग्राम बेलौदी में पशु औषधालय खोलने,

(2) श्री अग्नि चंद्राकर, सदस्य, महासमुंद विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -

- (i) महासमुंद में तुमगांव मार्ग पर ओव्हर ब्रिज निर्माण करने,
- (ii) नैनी नाला डायवर्सन स्वीकृत करने,
- (iii) ग्राम बिरकोनी में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण करने,
- (iv) ग्राम गढ़सिवनी में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण करने,
- (v) ग्राम अछोला में हाई स्कूल भवन निर्माण करने,

क्रमश: 2

(3) श्रीमती सरोजा मनहरण राठौर, सदस्य, सक्ती विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -

(i) ग्राम कमरीद में हाई स्कूल खोलने,

(ii) ग्राम बाराद्वार बस्ती में संचालित पूर्व माध्यमिक शाला को हाई स्कूल में उन्नयन करने तथा

(iii) ग्राम धनपुर में संचालित पूर्व माध्यमिक शाला को हाई स्कूल में उन्नयन करने,

(4) श्रीमती कुमारी मदन साहू, सदस्य, संजारी बालोद विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -

(i) ग्राम अरकार में संचालित छात्रावास हेतु नवीन भवन निर्माण करने,

(ii) ग्राम बेलमाण्ड में संचालित हाई स्कूल को हायर सेकेण्डरी स्कूल में उन्नयन करने,

(iii) ग्राम अरमरीकला से धनेली मार्ग का डामरीकरण करने,

(5) डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी, सदस्य, कोटा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -

(i) ग्राम खैरझिटी से करगीखुर्द मार्ग में पुलिया निर्माण करने,

(ii) ग्राम खेरका बांधा मार्ग में स्थित लमेर नाले पर पुलिया निर्माण करने,

(6) श्री धर्मजीत सिंह, सदस्य, तखतपुर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -

(i) ग्राम पोंड़ी में हाई स्कूल खोलने,

(ii) ग्राम सैदा में हाई स्कूल खोलने तथा

(iii) ग्राम लाखासार में हाई स्कूल खोलने

के संबंध में याचिकायें प्रस्तुत करेंगे.

4. वर्ष 2011-2012 की अनुदान मांगों पर चर्चा

निर्धारित समय				
3 घंटे 30 मिनट	(1)	मांग संख्या	30	पंचायत तथा ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित व्यय
		मांग संख्या	80	त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता
		मांग संख्या	59	पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं
		मांग संख्या	29	न्याय प्रशासन एवं निर्वाचन
3 घंटे	(2)	मांग संख्या	19	लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
		मांग संख्या	79	चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधित व्यय
		मांग संख्या	7	वाणिज्यिक कर विभाग से संबंधित व्यय
		मांग संख्या	9	राजस्व विभाग से संबंधित व्यय
		मांग संख्या	8	भू-राजस्व तथा जिला प्रशासन
		मांग संख्या	35	पुनर्वास
		मांग संख्या	58	प्राकृतिक आपदाओं एवं सूखाग्रस्त क्षेत्रों में राहत पर व्यय

क्रमश: 3

5. अशासकीय संकल्प

निर्धारित समय

45 मिनट (1) श्री फूलचंद सिंह,सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

यह सदन केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है कि "कैम्पा (CAMPA) के अंतर्गत वनक्षेत्र में स्टापडेम के निर्माण का भी प्रावधान किया जाय."

45 मिनट (2) श्री सौरभ सिंह,सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

यह सदन केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है कि "प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना छत्तीसगढ़ राज्य में लागू की जाय."

1 घंटा (3) श्री अग्नि चंद्राकर, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

सदन का यह मत है कि "प्रदेश में पॉलिथीन थैलियों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जाय."

रायपुर
दिनांक 10 मार्च, 2011

देवेन्द्र वर्मा
सचिव.